उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 11 चैत्र, शक संवत्, 1927
**( दिनांक : 01 अप्रैल, 2005 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी **"ख"**)।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत विकास खण्ड गंगोलीहाट के मडकनाली-गानुरा-सुगड़ी मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री पदम सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के दूरस्थ ग्राम सभाओं को यातायात सुविधा मुहैया कराने के सम्बन्ध में" श्री नारायण दत्त एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग अस्थाई खण्ड घनसाली के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में चंदियाल स्थान बाल गंगा नदी पर सम्पर्क गार्डर पुल निर्माण के सम्बन्ध में" श्री पूरण सिंह नेगी एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी मुख्यालय से हरिशंकर, चौण्डी, रैता तथा कनकचौरी मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री शिव राज सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद चमोली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के जूनियर हाईस्कूल विरसण सैरा के उच्चीकरण के सम्बन्ध में" श्री चन्द्र सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद चमोली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

...2/...

9. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

10. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

11. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

12. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

13. वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

1- समाज कल्याण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-15, कल्याण योजनाओं से सम्बद्ध विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 1101208 हजार (एक सौ दस करोड़ बारह लाख आठ हजार मात्र**) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

2- समाज कल्याण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-30, अनुसूचित जातियों का कल्याण से सम्बद्ध विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2631886 हजार (दो सौ तिरसठ करोड़ अठारह लाख छियासी हजार मात्र**) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

3- समाज कल्याण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-31, अनुसूचित जनजातियों से सम्बद्ध विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 824332 हजार (बयासी करोड़ तैंतालीस लाख बत्तीस हजार मात्र**) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ङ)**)

4- मुख्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-25, खाद्य विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 150053 हजार (पन्द्रह करोड़ तिरपन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(च)**)

...3/...

5- वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-27, वन विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2832554 हजार (दो सौ तिरासी करोड़ पच्चीस लाख चौवन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(छ)**)

6- राजस्व मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-06, राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2994401 हजार (दो सौ निन्यानबें करोड़ चौवालीस लाख एक हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ज)**)

7- कृषि मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-17, कृषि कर्म एवं अनुसंधान विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 1483717 हजार (एक सौ अड़तालीस करोड़ सैतीस लाख सत्रह हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(झ)**)

14. नियम 51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

15. देहरादून में स्थित विभिन्न मलिन बस्तियों में मकानों के ऊपर से ढीली विद्युत तारों के गुजरने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री हरबंस कपूर, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 29 मार्च, 2005 को दी गई सूचना पर, ऊर्जा मंत्री का नियम-51 के अन्तर्गत वक्तव्य।

16. उत्तरांचल निवास, नई दिल्ली में दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी करने के सम्बन्ध में श्री नारायण पाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 30 मार्च, 2005 को दी गई सूचना पर, संसदीय कार्य मंत्री का नियम-51 के अन्तर्गत वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 01 अप्रैल, 2005**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2005
का प्रथम शुक्रवार

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 11 चैत्र, शक संवत्, 1927
( दिनांक : 01 अप्रैल, 2005 )

# नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री अजय भट्ट
19-03-2005

**1. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के किसानों के करोड़ो रूपये लेकर फरार होने वाला एग्रोकोप कम्पनी के मालिक बेनी उर्फ दिवाकरनी की गिरफ्तारी हो चुकी है? यदि हाँ, तो उससे किसानों के धन की वसूली किस प्रकार सुनिश्चित की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? — उद्यान

# नत्थी ''ख''

## तारांकित प्रश्न

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
02-03-2005

*1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने चल चिकित्सालय (मोबाईल हास्पिटल) वर्तमान में कार्यरत हैं तथा इन चिकित्सालयों में क्या-क्या सुविधायें उपलब्ध हैं? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त का उपयोग बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री तीर्थ यात्रा के दौरान हुई सड़क दुर्घटनाओं में किया गया? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत
02-03-2005

*2. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य के जनपद देहरादून व हरिद्वार में वर्ष 2003-04 में कितनी अवैध शराब पकड़ी गयी है तथा सरकार द्वारा अवैध शराब का धन्धा करने वालों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों?

आबकारी

श्री अजय भट्ट
03-03-2005

*3. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में सभी बस चैसेस व बस बाड़ी (हाईटेक डीलक्स बाड़ी सहित) बनवाने में खुले टैण्डर आमंत्रित किये गये थे? यदि हाँ, तो कुल कितने लोगों ने इसमें प्रतिभाग लिया एवं इनका तुलनात्मक विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

परिवहन

श्री प्रकाश पंत
09-03-2005

*4. क्या श्रम मंत्री बतायेंगे कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय हल्द्वानी जिला नैनीताल को अन्यत्र स्थानान्तरित करने की योजना है? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण है?

श्रम

श्री मदन कौशिक
09-03-2005

*5. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बढ़ते उद्योगों में बाल श्रम के निषेध हेतु कोई योजना बनायी गयी है? उसे कब तक कार्यान्वित कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

श्रम

श्री प्रीतम सिंह पंवार
15-03-2005

*6.. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत व्यापक जनान्दोलन के दृष्टिगत गंगोत्री-यमुनोत्री तीर्थ धामों के मुख्य मार्गों से विदेशी मदिरा की दुकानों को हटाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

आबकारी

श्री हरबंस कपूर
11-03-2005

*7. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पुरूषों एवं महिलाओं का प्रतिवर्ष जन्मदर अनुपात क्या है? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि प्रदेश में स्थित भ्रूण परीक्षण की सुविधा के कारण कन्याओं का जन्मदर प्रभावित हो रहा है? यदि हाँ, तो भ्रूण परीक्षण रोकने हेतु सरकार कोई उपाय करेगी? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

# अतारांकित प्रश्न

श्री प्रीतम सिंह पंवार
26-02-2005

1. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के राजकीय ऐलोपेथिक चिकित्सालय दिचली में चिकित्सक की तैनाती कब तक कर दी जायेगी? यदि नहीं तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री अजय भट्ट
26-02-2005

2. क्या पर्यटन मंत्री को ज्ञात हैं कि अल्मोड़ा जिले के शीतलाखेत नामक स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में चयनित किया गया है? यदि हाँ, तो सरकार ने आज तक इस क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु क्या-क्या कदम उठाये हैं? यदि नहीं, तो क्यों तथा कब तक उक्त स्थान को पूर्ण रूप से विकसित कर दिया जायेगा?

पर्यटन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
28-02-2005

3. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषित राजकीय इण्टर कालेज मनेरी उत्तरकाशी में खरादी (नौगांव) स्थित झरने के सौन्दर्यीकरण योजना पर कब तक कार्य प्रारम्भ कर लिया जायेगा? यदि नही, तो क्यों?

पर्यटन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
28-02-2005

4. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य पथ परिवहन निगम में संविदा/पीस रेटेड कर्मचारियों के लिए श्रम कानूनों न्यूनतम मजदूरी, ई.एस.आई., पी.एफ. इत्यादि की सुविधा लागू की जायेगी? क्या संविदा कर्मियों को ग्रुप इश्योरेंस की सुविधा भी दी जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

परिवहन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
28-02-2005

5. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगांव अन्तर्गत ग्राम दांगुड़गांव में दिनांक 15-10-2004 से 20-10-2004 के मध्य तीव्र ज्वर फैलने से तीन लोगों (दो पुरूष व एक महिला) की असामयिक मौत हुई है? यदि हाँ, तो क्या सरकार मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री प्रीतम सिंह पंवार
28-02-2005

6. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव अन्तर्गत बीफ, खरसाली, बनास, पिण्डकी, मदेश, निसणी, वाड़िया, दांगुड़गांव, राना, कुठार, हनुमानचट्टी, स्यानाचट्टी, कुपड़ा, कुन्साला, त्रिखली, पालीगाड़, पुजारगांव, कुथनौर, केसाला, खनेड़ा इत्यादि गांवों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए लगभग 50 कि.मी. दूर सामु0 स्वास्थ्य केन्द्र नौगांव आना पड़ता है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में केन्द्रीय स्थल स्यानाचट्टी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री अजय भट्ट
28-02-2005

7. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के राजकीय पालीटेक्निकों में कितने अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं? क्या शिक्षकों की नियमित नियुक्ति में अतिथि शिक्षकों को वरीयता दिये जाने का मामला शासन के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों?

**तकनीकी शिक्षा**

श्री अजय भट्ट
28-02-2005

8. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल के पालीटेक्निकों में प्रधानाचार्य के कितने पद रिक्त हैं? क्या यह सत्य है कि रिक्त पदों पर पदोन्नति का प्रकरण शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त प्रकरण कब तक निस्तारित कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**तकनीकी शिक्षा**

श्री अजय भट्ट
28-02-2005

9. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्राविधिक शिक्षा विभाग में व्याख्याता स्टेनोग्राफी के पद का वेतनमान क्या है? क्या यह सत्य है कि शासनादेश सं0-5013/28-7-20(13) पर्वतीय विकास अनुभाग-7, दिनांक 18.12.90 द्वारा राजकीय ग्रामीण पालीटेक्निक थलनदी में व्याख्याता स्टेनोग्राफी का वेतनमान 1660-2660 स्वीकृत है, जबकि राजकीय महिला पालीटेक्निक देहरादून में व्याख्याता स्टेनोग्राफी का पद 2200-4000 वेतनमान में स्वीकृत है? यदि हाँ, तो इस विसंगति का क्या कारण है तथा इस विसंगति को कब तक दूर कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**तकनीकी शिक्षा**

श्री अजय भट्ट
28-02-2005

10. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल की राजकीय पालीटेक्निकों, ग्रामीण पालीटेक्निकों तथा महिला पालीटेक्निकों में अनुदेशक ड्राइंग, कर्मशाला, कामर्शियल प्रैक्टिस, स्टेनोग्राफी तथा अनुदेशक भाषा के कितने पद रिक्त हैं? क्या रिक्त पदों पर नियुक्तियां करने विषयक प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो रिक्त पदों पर नियुक्तियां कब तक कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

**तकनीकी शिक्षा**

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
28-02-2005

11. क्या पर्यटन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल विकास निगम में वर्तमान में कुल कितने कर्मचारी संविदान्तर्गत कार्यरत हैं? क्या सरकार उक्त कर्मचारियों को विनियमित करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

**पर्यटन**

श्री प्रीतम सिंह पंवार
01-03-2005

12. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में चिकित्सकों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं तथा वर्तमान मे चिकित्सालय में कुल कितने चिकित्सक तैनात हैं? रिक्त पदों को कब तक भरा जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**स्वास्थ्य**

श्री प्रीतम सिंह पंवार
01-03-2005

13. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड चिन्यालीसौड़ के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वनचौरा को उच्चीकृत किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**स्वास्थ्य**

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>01–03–2005 | 14. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2002 से वर्तमान तक कुमायूँ मण्डल विकास निगम एवं गढ़वाल मण्डल विकास निगम के कौन–कौन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी किन देशों के भ्रमण पर गये तथा इन विदेश यात्राओं पर निगम का कुल कितना धन व्यय हुआ? इन विदेश यात्राओं का औचित्य/प्रयोजन क्या था तथा इससे निगम को क्या लाभ हुआ है? उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री अजय भट्ट<br>01–03–2005 | 15. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमायूँ मण्डल विकास निगम एवं गढ़वाल मण्डल विकास निगम में जी0एम0 पर्यटन, जी0एम0 विपणन, जी0एम0 प्रशासन एवं जी0एम0 गैस के पद खाली है? यदि हाँ, तो कब से तथा कब तक उक्त पदों पर नियुक्ति कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>01–03–2005 | 16. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2002 में कितनी ए.एन.एम. संविदा के अन्तर्गत नियुक्त की गयी तथा उनमें से कितनों को स्थायी नियुक्ति प्रदान कर दी गयी है? क्या सरकार शेष ए.एन.एम. को भी स्थायी नियुक्ति देने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री अजय भट्ट<br>01–03–2005 | 17. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कुमायूँ मण्डल विकास निगम एवं गढ़वाल मण्डल विकास निगम की वर्ष 1999–2000 से 2004–2005 तक वर्षवार वित्तीय स्थिति क्या है? | पर्यटन |
| श्री नारायण राम आर्य<br>01–03–2005 | 18. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गंगोलीहाट पिथौरागढ़ में कितने अनुदेशक के पद रिक्त हैं? उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्यवाही चल रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>01–03–2005 | 19. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा स्थित कुमायूँ इंजीनियरिंग कालेज द्वाराहाट का नाम द्वाराहाट के पूर्व मा0 विधायक स्व0 श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी की स्मृति में किए जाने पर निर्णय ले लिया गया है? यदि नहीं, तो कब तक कालेज का नाम परिवर्तित कर दिया जायेगा? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>02–03–2005 | 20. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ मे देवगढ़ तथा सेरा में वर्ष 1998 में स्वीकृत गंधक पानी स्नान गृह के निर्माण कार्य में कुल कितना रूपया खर्च किया गया है एवं किन कारणों से निर्माण कार्य रोका गया है? क्या सरकार निर्माण कार्य पुनः आरम्भ करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>02-03-2005 | 21. क्या आबकारी मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में शराब की दुकानें लाटरी पद्धति से स्वीकार की जाती हैं? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि लाटरी डालने वाले व्यक्तियों से हैसियत प्रमाण पत्र लिया जाता है? यदि हाँ, तो इस हेतु कोई मानक तय किये गये हैं? | आबकारी |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>02-03-2005 | 22. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत धारचूला कोट जो कि एक रमणीक, धार्मिक तथा दिव्य स्थल है को पर्यटन के मास्टर प्लान में सम्मिलित करने पर विचार करेगें? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री नारायण राम आर्य<br>02-03-2005 | 23. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ़ जिले के गणाई गंगोली में जिला प्लान के अन्तर्गत प्रस्तावित पर्यटक आवास गृह हेतु धन स्वीकृत हो गया है? यदि हाँ, तो कब तक भवन निर्माण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02-03-2005 | 24. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड डुण्डा के राजकीय ऐलोपैथिक चिकित्सालय कल्याणी व अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्रहमखाल (गेवंला) में चिकित्साधिकारी का पद रिक्त हैं? यदि हाँ, तो उक्त केन्द्रों में कब तक चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>02-03-2005 | 25. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड भटवाड़ी में स्थित नैसर्गिक बुग्याल स्थलों बेलक, जौराई, कुशकल्याण व सहस्त्रताल को पर्यटक क्षेत्र के रूप में विकसित किये जाने हेतु सरकार कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो उस पर कब तक क्रियान्वयन प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>02-03-2005 | 26. क्या परिवहन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में नये टैक्सी वाहनों के परमिटों पर कोई रोक लगाई गयी है? यदि हाँ, तो यह रोक कब से लागू की गयी तथा इसके क्या कारण हैं? | परिवहन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>02-03-2005 | 27. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत जे0बी0 पंत इन्जीनियरिंग कालेज घुडदौड़ी, पौड़ी में प्राचार्य पद पर नियुक्ति हेतु अर्हताएं क्या है? क्या उक्त पद पर अर्हताओं के मापदण्डों के आधार पर नियुक्ति की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | तकनीकी शिक्षा |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>02-03-2005 | 28. क्या स्वास्थ्य मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2004-05 में डायरिया का प्रकोप किन-किन जनपदों में सर्वाधिक रहा है तथा सरकार द्वारा इसकी रोकथाम के लिये क्या-क्या कदम उठाये गए? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि डायरिया से उक्त वर्ष में कुल कितनी मौत हुई तथा सरकार द्वारा मृतकों के आश्रितों को कोई आर्थिक सहायता प्रदान की गयी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>02-03-2005 | 29. क्या पर्यटन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के नीती-माणा से कैलाश मानसरोवर यात्रा को पुनः प्रारम्भ करने हेतु कोई प्रस्ताव प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को भेजा गया है? यदि हाँ, तो प्रस्ताव कब भेजा गया? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03-03-2005 | 30. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड मुख्यालय चिन्सालीसौड़ में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में विभिन्न श्रेणी के कुल कितने पद स्वीकृत हैं? स्वीकृत पदों में से वर्तमान में कुल कितने कार्यरत हैं? रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03-03-2005 | 31. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि प्रति वर्ष हेमकुण्ड साहिब के दर्शनार्थ यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार यात्रियों की सुविधा हेतु घांघरिया में अतिरिक्त पर्यटन आवास गृह बनाये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03-03-2005 | 32. क्या स्वास्थ्य मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के कालूसैंण में आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोले जाने संबंधी कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03-03-2005 | 33. क्या पर्यटन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड कर्णप्रयाग के प्रसिद्ध मन्दिर नैनिसैण कण्छारा के छातेश्वर मन्दिर के सौन्दर्यीकरण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त मन्दिर के सौन्दर्यीकरण कराये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03-03-2005 | 34. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्र के कतिपय ऐसे क्षेत्र भी हैं जहां पर्यावरण एवम् वन विभाग की आपत्तियों के कारण मोटर मार्ग निर्माण सम्भव नहीं हो पा रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार ऐसे पर्यटन क्षेत्रों में विकास हेतु रज्जु मार्ग निर्माण कराये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो इस हेतु किन पर्यटन केन्द्रों का चयन किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री अजय भट्ट<br>03-03-2005 | 35. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में उत्तरांचल प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में कुल कितने कर्मचारी संविदा पर कार्यरत हैं? क्या इन कर्मचारियों को नियमित करने हेतु सरकार कोई कार्यवाही कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक इन कर्मचारियों को नियमित कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>03-03-2005 | 36. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को राज्य गठन से वर्तमान समय तक कुल कितने रूपये का घाटा हुआ है? इस घाटे का क्या कारण है तथा घाटे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री अजय भट्ट<br>03-03-2005<br>श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>09-03-2005 | 37. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल बनने के बाद कुल कितनी बसें एवं हाईटेक डीलक्स बसें सरकार द्वारा खरीदी गयी हैं तथा वर्तमान में इन बसों को किन-किन स्थानों से कहाँ-कहाँ तक संचालित किया जा रहा है? क्या सरकार इसका सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? | परिवहन |
| श्री नारायण पाल<br>03-03-2005 | 38. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकारी अभिलेखानुसार प्रदेश में कितने प्राइवेट नर्सिंग होम इस समय कार्य कर रह हैं? क्या ये नर्सिंग होम सरकार के मानकों के अनुरूप स्थापित हैं? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्राइवेट नर्सिंग होम्स में वर्ष 2004-2005 में भ्रूण हत्या के कितने मामले प्रकाश में आए तथा इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? | स्वास्थ्य |
| श्री बिशन सिंह चुँफाल<br>04-03-2005 | 39. क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के जिला अस्पतालों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डेन्टल हाईजिनिस्ट के पद सृजित हैं? यदि हाँ, तो इन सृजित एवं रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री बिशन सिंह चुँफाल<br>04-03-2005 | 40. क्या पर्यटन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि कुमायूँ मण्डल विकास निगम में कुल कितने कर्मचारी संविदा पर कार्यरत हैं? क्या सरकार इन कर्मचारियों को नियमित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री नारायण पाल<br>04-03-2005 | 41. क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार ने चुनाव पूर्व अपने घोषणा पत्र में 2 लाख बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कही थी? यदि हाँ, तो कितने बेरोजगारों को अब तक रोजगार उपलब्ध किया गया है? क्या सरकार विभागवार विवरण सभा पटल पर रखने का कष्ट करेगी? | श्रम एवं सेवायोजन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>04-03-2005 | 42. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि भवाली जनपद नैनीताल स्थित यू0पी0 डिजिटल्स लिमिटेड वर्तमान में कुमायूँ मण्डल विकास निगम द्वारा संचालित फैक्ट्री सुचारू रूप से नहीं चल रही है? यदि हाँ, तो फैक्ट्री एवं उसमें कार्यरत कर्मियों के संबंध में सरकार द्वारा कोई कार्य योजना तैयार कर ली है, उसे कब तक लागू कर दिया जायेगा? | पर्यटन |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>04-03-2005 | 43. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भवाली (जनपद-नैनीताल) स्थित रोडवेज स्टेशन एवं वर्कशाप वर्तमान परिस्थितियों एवं स्थान की कमी के कारण समस्याओं से ग्रस्त हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्कशाप को भवाली के पास फरसौली या किसी अन्य स्थान पर स्थानान्तरित किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक अन्तिम निर्णय कर लिया जायेगा? | परिवहन |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>04-03-2005 | 44. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय होटल मैनेजमेन्ट एण्ड कैटरिंग सस्थान अल्मोड़ा को उपकरणों व कैटरिंग सामान की खरीद हेतु वर्ष 2002 से 2004 तक कुल कितना बजट आवंटित किया गया? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त संस्थान को आंवटित धनराशि से क्या-क्या सामान किन-किन फर्मो से क्रय किया गया? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>05-03-2005 | 45. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल नीलकंठ महोदव हेतु सरकार रोप-वे (रज्जू मार्ग) बनाने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक 'रोप-वे' बन जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>05-03-2005 | 46. क्या पर्यटन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र धारचूला-मुनस्यारी के छिपलाकेदार, कोकिला, कनार, छोटा कैलाश को उत्तरांचल के पर्यटन मानचित्र में शामिल किया गया है? यदि नहीं, तो कब तक शामिल किया जायेगा? | पर्यटन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>05-03-2005 | 47. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के रा0 ऐलोपैथिक चिकित्सालय, जसपुर, द्वारीखाल, किनसुर, कोडी एवं भरपूर में चिकित्सकों के पद लम्बे समय से रिक्त हैं? यदि हाँ, तो कब तक उक्त चिकित्सालयों में चिकित्सकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05-03-2005 | 48. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड थत्यूड़ के अन्तर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नागटिब्बा व देवलसारी के विकास हेतु कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>05-03-2005<br>श्री प्रकाश पन्त<br>09-03-2005 | 49. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लगने वाले उद्योगों मे प्रदेश के नौजवानों को निश्चित प्रतिशत रोजगार देने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक निर्णय कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |

श्री प्रीतम सिंह पंवार
07-03-2005

50. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौंगाव में स्थित ग्राम बनास व ओजरी में गर्म पानी के चश्मों व पानी के झरने के विकास के लिए कोई योजना बनायी जायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

पर्यटन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
09-03-2005

51. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 10-2-2004 को मुख्यमंत्री जी द्वारा मनेरी उत्तरकाशी में चिन्यालीसौड़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (CHC) की स्थापना की घोषणा की गयी थी? यदि हाँ, तो चिन्यालीसौड़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना कब तक कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
09-03-2005

52. क्या पर्यटन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी स्थित नागनाथ मन्दिर के सौन्दर्यकरण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों?

पर्यटन

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
09-03-2005

53. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार देहरादून से हापला जोरासी हेतु रोडवेज बस चलाये जाने पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों?

परिवहन

श्री कैलाश शर्मा
11-03-2005

54. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के वि.ख. भेसियाछाना के धौलछीना क्षेत्र वासियों द्वारा राजकीय आई.टी.आई. खोलने की मांग लम्बे समय से की जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2005-06 में उक्त क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप उक्त क्षेत्र में आई.टी.आई. खोलने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों, नहीं?

श्रम

श्री कैलाश शर्मा
11-03-2005

55. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के नागरिकों द्वारा अल्मोड़ा मुख्यालय में मेडिकल कालेज की स्थापना किये जाने की मांग की जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार अल्मोड़ा में मेडिकल कालेज खोलने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों नही?

चिकित्सा शिक्षा

श्री कैलाश शर्मा
11-03-2005

56. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के हरगोविन्द पंत रा0 जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा के निर्माणाधीन भवन का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा?

स्वास्थ्य

श्री प्रकाश पंत
11-03-2005

57. क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में राजकीय पालीटैक्निक कॉलेज संचालित है? यदि नहीं तो क्या सरकार जनपद मुख्यालय में राजकीय पालीटैक्निक खोले जाने पर विचार करेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

प्राविधिक शिक्षा

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14-03-2005 | 58. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी में स्थित मनेरी के कृत्रिम जलाशय में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देशय से नौकायन प्रारम्भ करवाया जायेगा? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14-03-2005 | 59. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में चलायी जा रही स्व0 वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली स्वरोज़गार पर्यटन योजनान्तर्गत छोटी गाड़ियों को स्वरोज़गार का साधन बनाने हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं? यदि हाँ, तो योजना के इस प्रमुख व्यवसाय को स्थगित करने के क्या कारण हैं? क्या सरकार इस योजना में छोटी गाड़ियों हेतु प्रार्थना पत्र स्वीकार कर स्वरोज़गार उपलब्ध करायेगी? यदि हाँ, तो तक कब? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री कैलाश शर्मा<br>14-03-2005 | 60. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के विक्टर मोहन जोशी रा0 महिला चिकित्सालय में रेडियोलोजिस्ट का पद सृजित है? यदि हाँ, तो उक्त चिकित्सालय में रेडियोलोजिस्ट के पद पर तैनाती कब तक कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री कैलाश शर्मा<br>14-03-2005 | 61. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के गोवर्धन तिवारी बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा में आपातकालीन चिकित्सा ऑफिसर, हृदय रोग चिकित्सक प्लास्टिक सर्जन, एनस्थिसिया, न्यूरो सर्जन, न्यूरो फिज़िशियन रेडियोलोजिस्ट के पद सृजित है? यदि हाँ, तो क्या उक्त पदों पर चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री कैलाश शर्मा<br>14-03-2005 | 62. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के विक्टर मोहन जोशी रा0 महिला चिकित्सालय अल्मोड़ा में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा बालरोग विशेषज्ञ, आपातकालीन चिकित्सा ऑफिसर्स, मेडिकल ऑफिसर्स पी.पी.सी. एनस्थिसिया के पद रिक्त हैं? यदि हाँ, तो उक्त पदों पर सरकार द्वारा तैनाती कब तक कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री कैलाश शर्मा<br>14-03-2005 | 63. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जनपद के हरगोविन्द पंत रा0 जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा में वरिष्ठ चिकित्सकों तथा साधारण ग्रेड के चिकित्सकों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं? क्या उक्त चिकित्सालय में स्वीकृत पदों में चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | स्वास्थ्य |

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
15-03-2005

64. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के नीलकंठ महोदव, यमकेश्वर महादेव, महाबगड़, बशिष्ठ आश्रम, देवीडांडा भैरवगढ़ी, नागदेवगढ़ी, चैलूसैंण तथा सिलोगी के पर्यटन विकास हेतु शासन को कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं? यदि हाँ, तो उक्त स्थानों के संरक्षण, सौन्दर्यीकरण हेतु सरकार कोई कार्य योजना बना चुकी है? यदि नहीं, तो क्यों?

पर्यटन

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
15-03-2005

65. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर में कुल कितने मातृ शिशु कल्याण केन्द्र हैं? कितने केन्द्र भवन विहीन हैं? क्या यह सत्य है कि अति दुर्गम क्षेत्रों में मातृ शिशु कल्याण केन्द्र नहीं है? क्या सरकार जनहित में ग्राम सभा माला, ग्राम सभा नैल, ग्राम सभा कूंतणी, में मातृ शिशु कल्याण केन्द्र खोलने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
15-03-2005

66. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में रा0 एलोपैथिक चिकित्सालय, जसपुर (मल्लाढ़ागू) का भवन अत्यन्त जीर्ण, क्षतिग्रस्त किराये के भवन में चल रहा है? क्या यह सत्य है कि चिकित्सालय भवन के निर्माण हेतु जनता द्वारा भूमि दी गई है? यदि हाँ, तो भवन निर्माण में विलम्ब होने के क्या कारण है? क्या सरकार उक्त चिकित्सालय भवन निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में प्रारम्भ करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

श्री प्रकाश पंत
16-03-2005
श्री मदन कौशिक
17-03-2005

67. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में 01 मार्च, 2004 से 01 मार्च, 2005 के मध्य सेवायोजन कार्यालयों में कितने बेरोजगार पंजीकृत किये गये तथा कितने बेरोजगारों को आलोच्य वर्ष में रोजगार प्रदान किया गया? क्या मंत्री जी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

श्रम

श्री प्रीतम सिंह पंवार
16-03-2005

68. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के देहली-यमुनोत्री मोटर मार्ग सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा हनुमानचट्टी तक ही यातायात हेतु पारित है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा कब तक उक्त मोटर मार्ग को जानकी चट्टी तक यातायात हेतु पारित कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

परिवहन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
10-03-2005

69. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में हर्षिल तक प्रतिदिन देहरादून से राज्य पथ परिवहन निगम की बस का संचालन प्रारम्भ कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

परिवहन

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
10-03-2005

70. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के अन्तर्गत नगर पंचायत नन्दप्रयाग की जनता लम्बे समय से नन्दप्रयाग में ऐलोपैथिक चिकित्सालय खोले जाने की मांग करती आ रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार नन्दप्रयाग में ऐलोपैथिक चिकित्सालय खोले जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

स्वास्थ्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>11–03–2005 | 71. | क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2003–04 में प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कुल कितनी फर्नीचर आदि की खरीद की गई है? क्या सरकार के संज्ञान में है, कि क्रय की गयी सामग्री की गुणवत्ता में कमी तथा बाजार भाव से ऊंची दरों पर क्रय किए जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो उन पर क्या कार्यवाही की गई? क्या मंत्री जी खरीद फरोख्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? | श्रम |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>11–03–2005 | 72. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत कार्तिक स्वामी को पर्यटन एवं तीर्थाटन के रूप में विकसित किये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>11–03–2005 | 73. | क्या आबकारी मंत्री बतलाने का कष्ट करेगे कि सरकार वर्ष 2004–05 में घोषित आबकारी नीति में परिवर्तन करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो नीति परिवर्तन किये जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? | आबकारी |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>11–03–2005 | 74. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के श्रीनगर में मेडिकल कालेज खोलने का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त मेडिकल कालेज कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री हरबंस कपूर<br>05–03–2005 | 75. | क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में आपदा की स्थिति से निपटने हेतु मंगाई गयी दो क्रेन चालकों के अभाव में कार्य में नहीं लगायी जा रही हैं? यदि हाँ, तो क्या शासन द्वारा इस संन्दर्भ में कोई कार्यवाही की जायेगी? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | परिवहन |

# नत्थी (ग)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 15-कल्याण योजनाओं से सम्बद्ध विभाग
लेखा शीर्षक-(2225-अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण, 2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, 2250-अन्य सामाजिक सेवायें, 2251-सचिवालय-सामाजिक सेवायें, 4225-अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय, 4235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>3. श्री हरबंस कपूर,<br>4 श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>5. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>6. श्री प्रकाश पन्त,<br>7. श्री अजय भट्ट,<br>8. श्री अनिल नौटियाल,<br>9. श्री मदन कौशिक,<br>10.श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>11.श्री मालचन्द,<br>12.श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>13.मो0 शहजाद,<br>14.श्री हरिदास,<br>15.श्री नारायण पाल,<br>16.श्री तसलीम अहमद,<br>17.श्री प्रेमानन्द महाजन। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

## नत्थी (घ)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 30-अनुसूचित जातियों से सम्बद्ध विभाग

लेखा शीर्षक-(2202-सामान्य शिक्षा, 2204-खेलकूद तथा युवा सेवायें, 2205-कला एवं संस्कृति, 2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 2211-परिवार कल्याण, 2215-जलापूर्ति तथा सफाई, 2220-सूचना तथा प्रसार, 2225-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो का कल्याण, 2230-श्रम तथा रोजगार, 2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, 2401-फसल कृषि कर्म, 2402-मृदा एवं जल संरक्षण, 2403-पशु पालन, 2404-डेरी विकास, 2406-वानिकी तथा वन्य जीवन, 2407-बागान, 2425-सहकारिता, 2501-ग्राम्य विकास के लिए विशेष कार्यक्रम, 2715-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम, 2702-लघु सिंचाई, 2810-वैकल्पिक ऊर्जा, 2851-ग्रामोद्योग तथा लघु उद्योग, 4059-लोक निर्माण कार्य, 4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय, 4225-अनुसूचित जातियों/जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो के कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय, 4403-पशुपालन पर पूँजीगत परिव्यय, 4406-वानिकी एवं वन्य जीवों पर पूँजीगत परिव्यय, 4515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूँजीगत परिव्यय, 4700-मुख्य सिंचाई पूर पूँजीगत परिव्यय, 4702-लघु सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय, 4711-बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय, 5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय, 5452-पर्यटन पर पूँजीगत परिव्यय, 6425-सहकारिता के लिए ऊर्जा, 6801-बिजली परियोजनाओं के लिए कर्जा)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री मदन कौशिक,<br>2. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>3. श्री अनिल नौटियाल,<br>4. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>5. श्री मालचन्द,<br>6. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>7. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>8. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>9. श्री प्रकाश पन्त,<br>10.श्री अजय भट्ट,<br>11.श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>12.मो0 शहजाद,<br>13.श्री हरिदास,<br>14.श्री तसलीम अहमद,<br>15.श्री नारायण पाल,<br>16.श्री प्रेमानन्द महाजन। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

## नत्थी (ङ)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 31-कल्याण योजनाओं से सम्बद्ध विभाग

लेखा शीर्षक-(2202-सामान्य शिक्षा, 2204-खेलकूद तथा युवा सेवाएँ, 2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 2211-परिवार कल्याण, 2215-जल पूर्ति तथा सफाई, 2220-सूचना तथा प्रसार, 2225-अनु0 जातियों, अनु0 जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो का कल्याण, 2230-श्रम तथा रोजगार, 2235-सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण, 2401-फसल कृषि कर्म, 2402-मृदा तथा जल संरक्षण, 2403-पशु पालन, 2404-डेरी विकास, 2406-वानिकी तथा वन्य जीवन, 2407-बागान, 2425-सहकारिता, 2501-ग्राम विकास के लिए विशेष कार्यक्रम, 2505-ग्राम रोजगार, 2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम, 2702-लघु सिंचाई, 2810-वैकल्पिक ऊर्जा, 2851-ग्रामोद्योग तथा लघु उद्योग, 3452-पर्यटन, 4059-लोक निर्माण कार्य, 4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय, 4225-अनुसूचित जातियों/जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो के कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय, 4403-पशुपालन पर पूँजीगत परिव्यय, 4406-वानिकी और वन्य जीवन पर पूँजीगत परिव्यय, 4515-अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूँजीगत परिव्यय, 4702-लघु सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय, 4711-बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय, 5054-सड़क तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय, 5452-पर्यटन पर पूँजीगत परिव्यय, 6801-बिजली परियोजनाओं के लिए कर्ज)

**प्रस्तावक का नाम**

1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,
2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,
3. श्री प्रकाश पन्त,
4 श्री अजय भट्ट,
5. श्री अनिल नौटियाल,
6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,
7. श्री मदन कौशिक,
8. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,
9. श्री अनिल नौटियाल,
10.श्रीमती आशा नौटियाल,
11.श्री मालचन्द,
12.श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,
13.श्री हरभजन सिंह चीमा,
14.मो0 शहजाद,
15.श्री हरिदास,
16.श्री तसलीम अहमद,
17.श्री नारायण पाल,
18.श्री प्रेमानन्द महाजन।

**प्रस्ताव का प्रारूप**

सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना।

# नत्थी (च)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 25-खाद्य विभाग
लेखा शीर्षक-(2408-खाद्य भण्डारण तथा भण्डागारण, 3456-सिविल पूर्ति, 3475-अन्य सामान्य आर्थिक सेवायें, 4408-खाद्य भण्डारण तथा भण्डागारण पर पूँजीगत परिव्यय)

**प्रस्तावक का नाम**

1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,
2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,
3. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,
4. श्री प्रकाश पन्त,
5. श्री हरबंस कपूर,
6. श्री अजय भट्ट,
7. श्री अनिल नौटियाल,
8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,
9. श्री मदन कौशिक,
10. श्री बिशन सिंह चुफाल,
11. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,
12. श्री मालचन्द,
13. श्री हरभजन सिंह चीमा,
14. श्री काशी सिंह ऐरी,
15. श्री पुष्पेश त्रिपाठी,
16. श्री प्रीतम सिंह पंवार,
17. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल,
18. श्री हरिदास,
19. मो0 शहजाद,
20. श्री तसलीम अहमद,
21. श्री नारायण पाल।

**प्रस्ताव का प्रारूप**

सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना।

## नत्थी (छ)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 27-वन विभाग
लेखा शीर्षक-(2046-वानिकी तथ वन्य जीवन, 2407-बागान, 2415-कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा, 4406-वानिकी और वन्य जीवन पर पूँजीगत परिव्यय)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
| --- | --- |
| 1. श्री भगत सिंह काश्यारी,<br>2. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>3. श्री प्रकाश पन्त,<br>4. श्री हरबंस कपूर,<br>5. श्री अजय भट्ट,<br>6. श्री अनिल नौटियाल,<br>7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>8. श्री मदन कौशिक,<br>9. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>10.श्रीमती आशा नौटियाल,<br>11.श्री मालचन्द,<br>12.श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>13.श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>14.श्री काशी सिंह ऐरी,<br>15.श्री पुष्पेश त्रिपाठी,<br>16.डा0 नारायण सिंह जन्तवाल,<br>16.श्री प्रीतम सिह पंवार,<br>17.श्री हरिदास,<br>18.मो0 शहजाद,<br>19.श्री तसलीम अहमद,<br>20.श्री नारायण पाल। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

# नत्थी (ज)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 06-राजस्व एवं सामान्य प्रशासन विभाग
लेखा शीर्षक-(2029-भू-राजस्व, 2053-जिला प्रशासन, 2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें, 2075-विविध सामान्य सेवायें, 2245-प्राकृतिक विपत्तियों के कारण राहत, 4059-लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>3. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>4. श्री हरबंस कपूर,<br>5. श्री प्रकाश पन्त,<br>6. श्री अनिल नौटियाल,<br>7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>8. श्री अजय भट्ट,<br>9 .श्री मदन कौशिक,<br>10.श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>10.श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>11.श्रीमती आशा नौटियाल,<br>12.श्री मालचन्द,<br>13.श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>14.मो0 शहजाद,<br>15.श्री हरिदास,<br>16.श्री नारायण पाल,<br>17.श्री प्रेमानन्द महाजन। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

# नत्थी (झ)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 17-कृषि कर्म एवं अनुसंधान विभाग
लेखा शीर्षक-(2401-फसल कृषि कर्म, 2402-मृदा तथा जल संरक्षण, 2415-कृषि अनुसंधान, 4401-फसल कृषि कर्म पर पूँजीगत परिव्यय, 6401-फसल कृषि कर्म के लिए कर्ज)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>3. श्री हरबंस कपूर,<br>4 श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>5. श्री प्रकाश पन्त,<br>6. श्री अजय भट्ट,<br>7. श्री अनिल नौटियाल,<br>7. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>8. श्री मदन कौशिक,<br>9. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>10.श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>11.श्रीमती आशा नौटियाल,<br>12.श्री मालचन्द,<br>13.श्री हरभजन सिह चीमा,<br>14.श्री काशी सिंह ऐरी,<br>13.श्री पुष्पेश त्रिपाठी,<br>15.श्री नारायण सिंह जन्तवाल,<br>16.श्री प्रीतम सिंह पंवार,<br>17.मो0 शहजाद,<br>18.श्री हरिदास,<br>19.श्री नारायण पाल,<br>20.श्री प्रेमानन्द महाजन। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## शनिवार, 12 चैत्र, शक संवत्, 1927
**( दिनांक : 02 अप्रैल, 2005 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

2. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

3. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

4. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

5. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा असरकारी विधेयक "उत्तरांचल सीमान्त क्षेत्र (विकास एवं प्रबन्ध) विधेयक, 2005" को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

6. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा प्रस्ताव करेंगे कि असरकारी विधेयक "उत्तरांचल सीमान्त क्षेत्र (विकास एवं प्रबन्ध) विधेयक, 2005" को पुरःस्थापित करेंगे।

7. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

   "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि कुशल प्रशासनिक व्यवस्था हेतु उत्तरांचल में राजस्व पुलिस को सुदृढ़ एवं सक्षम बनाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनायी जाए।"

8. श्री काशी सिंह ऐरी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

   "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल राज्य सरकार के अधीन सभी विभागों, निगमों, परिषदों एवं अन्य अर्धसरकारी संस्थानों में रिक्तियों को भरने हेतु ली जाने वाली परीक्षा एवं साक्षात्कारों का परीक्षाफल अंक तालिका सहित प्रत्येक अभ्यर्थी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।"

...2/...

9. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के लक्ष्मणझूला, स्वर्गाश्रम तथा ग्राम सभा जौंक को मिलाकर नगर पंचायत बनाया जाए।"

10. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश के भू-गर्भ जल स्तर में हो रही गिरावट पर नियन्त्रण पर संस्तुति हेतु भू-गर्भ विशेषज्ञों की एक समिति गठित की जाए।"

11. श्रीमती आशा नौटियाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित संकल्प पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड ऊखीमठ की ग्राम पंचायत ऊखीमठ, ग्राम पंचायत अगस्त्यमुनी तथा ग्राम पंचायत गुप्तकाशी को नगर पंचायत बनाया जाए।"

12. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुतिकरण :-

| **प्रस्तावक का नाम** | **संकल्प** |
|---|---|
| 1. श्री किशोर उपाध्याय,<br>श्री बलवीर सिंह नेगी,<br>श्री प्रकाश पन्त। | "यह सदन केन्द्र सरकार से सिफारिश करता है कि उत्तरांचल राज्य में विधान सभा क्षेत्रों के परिसीमन की कार्यवाही स्थगित की जाय।" |
| 2. श्री प्रीतम सिंह पंवार | "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य में बन रही जल विद्युत परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के भूमिधरों के एक व्यक्ति को परियोजनाओं में अनिवार्य रूप से नौकरी दिए जाने व भूमिधरों के लिए पुनर्वास एवं विस्थापन के लिए अलग से पुनर्वास नीति बनायी जाए।" |
| 3. श्री बिशन सिंह चुफाल | "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि विकास कार्यो में बाधक बन रहे "वन संरक्षण अधिनियम" का सरलीकरण करने हेतु उचित कार्यवाही सम्पादित की जाय।" |

...3/...

13. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 14 जून, 2002 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल की कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए उत्तरांचल पुलिस को आधुनिक हथियारों से लैस किया जाय।"

14. श्री नारायण पाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 5 अप्रैल, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में थारू, बुक्सा, बंगाली व अन्य निर्बल निर्धन वर्गो के उत्थान हेतु नीति बनाकर उसे लागू किया जाए।"

15. श्री बलवीर सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 22 दिसम्बर, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"यह सदन प्रस्ताव करता है कि जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार व रघुनाथ मन्दिर घुतू को, चार धाम पद यात्रा मार्ग को चिन्हित कर चार धाम यात्रा की कार्य-योजना से जोड़ा जाए।"

16. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 30 दिसम्बर, 2003 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल में स्थायी निवास प्रमाण-पत्र जारी किये जाने की प्रकिया को सरलीकृत एवं समयबद्ध किया जाए।"

17. श्री काशी सिंह ऐरी, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में गुलदार, भालू एवं अन्य जंगली जानवरों द्वारा मारे गये तथा घायल व्यक्तियों को मुआवजे की धनराशि बढ़ाते हुए मानक तय किये जांय और इसे जल्द से जल्द पीड़ित व्यक्ति तक पहुँचाने हेतु एक समयबद्ध नीति बनाई जाए।"

18. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है ब्लाक प्रमुख एवं जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव सीधे जनता द्वारा कराये जांय।"

...4/...

19. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तरांचल में गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध हेतु सरकार कानून बनाए।"

20. श्री गगन सिंह रजवार, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-103 के अन्तर्गत दिनांक 20 जनवरी, 2005 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

"यह सदन सरकार से संस्तुति करता है कि उत्तरांचल के पर्वतीय अंचलों में निवास करने वाली लुप्त प्राय वन राजि आदिम जनजाति के संरक्षण, संवर्धन एवं उत्थान की व्यवस्था करें।"

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 02 अप्रैल, 2005**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**